प्रादेशिक समाचार

13.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

रिजर्व बैंक ने अकाउंट एग्रीगेटर इकोसिस्टम की देखरेख के लिए एक स्व–नियामक के चयन के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। बैंक द्वारा जारी एक परिपत्र के अनुसार, इच्छुक आवेदक 15 जून, 2025 तक प्रवाह पोर्टल के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। बैंक ने कहा है कि आवेदन निर्धारित प्रारूप में होने चाहिए। मान्यता देने के बारे में कोई भी निर्णय आवेदन अवधि के दौरान प्राप्त सभी पात्र आवेदनों पर विचार करने के बाद लिया जाएगा। इस मामले में रिजर्व बैंक का निर्णय अंतिम होगा।

*********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में होली को लेकर तैयारियां जोर–शोर पर हैं। कई जगहों पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया जा रहा है।

दुमका क्लब में विधायक बसंत सोरेन ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य लोग शामिल हुए। इस मौके पर संत सोरेन ने सभी को होली और रमजान की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की।

*********************

हजारीबाग में होली को लेकर जबरदस्त उत्साह है। होली बाजार में रंग–गुलाल, कार्टून और क्रिकेट खिलाड़ियों के मुखौटे की भारी बिक्री हो रही है। साथ ही, दुकानदारों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुखौटे आकर्षण का केंद्र हैं।

*********************

इधर, रांची सदर अस्पताल होली के दिन चिकित्सा सेवाओं के लिए पूरी तरह तैयार है। उपाधीक्षक विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि तीनों पालियों में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ तैनात रहेंगे। उन्होंने लोगों से सूखे रंगों का उपयोग करने और नशे से दूर रहने की अपील की है।

*********************

जेएसएलपीएस खूंटी जिले की महिलाओं द्वारा बनाए गए हर्बल गुलाल की बाजार में खूब मांग हो रही है।

*********************

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तथा सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव विश्व दृश्य श्रव्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन–वेव्स –2025 से पहले आज नई दिल्ली में वैश्विक समुदाय के साथ विचार साझा करेंगे। वेव्स शिखर सम्मेलन का पहला संस्करण पहली से 4 मई तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा।

*********************

सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड (सीयूजे) के पीएचडी कोर्स में एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक और योग्य अभ्यर्थी 21 मार्च तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.cuj.ac.in** पर आवेदन कर सकते हैं। सीयूजे में पीएचडी प्रवेश यूजीसी नेट, सीएसआईआर नेट और ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) के माध्यम से होगा। सीयूजे से पीएचडी करने वाले छात्रों को प्रति माह 8,000 रुपये की फैलोशिप प्रदान की जाएगी।

*********************

झारखंड के कई जिलों में तापमान में तीन से छह डिग्री की बढोत्तरी हुई है। आनेवाले दिनों में इसमें और वृद्धि होने की आशंका है। राज्य में सबसे अधिक गर्मी जिन जिलों में पड़ रही उनमें डालटेनगंज 39.2 डिग्री, जमशेदपुर 38.6, गढ़वा 38, गोड्डा 37.5 और बोकारो में 38.1 डिग्री शामिल है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने राज्य के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्से कुछ जिलों गढ़वा और पलामू में लू को लेकर अलर्ट किया है।

**********************

विश्वकप हॉकी में भारत की जीत के 50 वर्ष पूरे होने पर हॉकी इंडिया की ओर से 15 मार्च को नई दिल्ली में समारोह आयोजित कर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह ने बताया कि समारोह के दौरान विश्व चौंपियन खिलाड़ियों को 50 लाख रुपये नकद राशि देकर पुरस्कृत किया जायेगा।

*****समाप्त*****